भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2561
सोमवार, 16 मार्च, 2026 (25 फाल्गुन, 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानन क्षेत्र में घटती प्रतिस्पर्धा

2561. श्री प्रकाश चिक बाराईक:
क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) वर्ष 2021 से देश में संचालित एयरलाइनों की कुल संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) वर्ष 2021 से बाजार से बाहर हो चुकी या दिवालिया हो चुकी एयरलाइनों का नाम सहित ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): विवरण अनुलग्नक-I और अनुलग्नक-II में प्रस्तुत है।

अनुलग्नक-I

वर्ष 2021 से देश में प्रचालन करने वाली अनुसूचित/अनुसूचित यात्री एयरलाइनों की संख्या (वर्षवार)

वर्ष	एयरलाइनों की संख्या (प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च को)
2021	15
2022	14
2023	17
2024	17
2025	12
2026 (11.03.2026 तक)	11

अनुलग्नक-II

वर्ष 2021 से बंद हो चुकी अनुसूचित/अनुसूचित यात्री एयरलाइनों का विवरण

क्र. सं.	**प्रचालक का नाम**	**जारी होने की तारीख**	**एओसी वैध रहने की तारीख/बंद होने की तारीख**	**टिप्पणी, यदि कोई हो**
1.	टर्बो मेघा एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड (ट्रू जेट)	17.05.2017	11.05.2022	कोई भी विमान ऑपरेटर के पास शेष नहीं बचा क्योंकि पट्टेदार द्वारा वापस ले लिया गया।
2.	गो एयरलाइन्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड	28.10.2005	02.05.2023	आईबीसी 2016 के तहत दिवालियापन।
3.	एयर एशिया (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (नाम बदलकर एआईएक्स कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड हो गया)	07.05.2014	दिनांक 01.10.2024 से एअर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड में विलय	
4.	टाटा सिया एयरलाइन्स लिमिटेड (विस्तारा)	15.12.2014	दिनांक 12.11.2024 से एअर इंडिया लिमिटेड में विलय	
5.	बिग चार्टर प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाइ बिग)	14.12.2020	13.12.2025	पट्टेदार द्वारा विमान वापस लिए गए, प्रचालक के साथ वित्तीय मुद्दे

******